भारतीय विदेश व्यापार संस्थान

बी-21, कुतुब इंस्टीट्यूशन एरिया
नई दिल्ली-110016

केंद्रीय विधुत प्राधिकरण द्वारा 22.05.2019 को आयोजित नराकास की बैठक के कार्यवृत्त संबंधी बिंदुओं पर की गई कार्रवाई की अनुपालनात्मक रिपोर्ट।

क्र.सं.	चर्चा किए गए महत्वपूर्ण बिंदु	अनुवर्ती कार्रवाई
1.	जिन कार्यालयों की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई हैं तथा जिन कार्यालयों के प्रमुख बैठक में नहीं आए या जिनका कोई भी प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं था, उन्हें सदस्य सचिव, नराकास द्वारा पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा जाना।	संस्थान की छमाही प्रगति रिपोर्ट संबंधित नोडल अधिकारी तथा नराकास कार्यालय को निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत की गई। नराकास की बैठक में संस्थान की ओर से उप-कुलसचिव श्री गौरव गुलाटी व हिंदी अधिकारी श्री राजेन्द्र प्रसाद ने भाग लिया।
2.	राजभाषा विभाग से राजभाषा संवर्ग के रिक्त पदों पर यथाशीघ्र तैनाती का अनुरोध।	संस्थान के भर्ती नियम समीक्षाधीन हैं। निर्णय हो जाने पर नियमानुसार पद निर्धारित किए जाएंगे।
3.	नराकास बैठक के कैलेंडर को अक्तूबर के स्थान पर नवम्बर माह में किए जाने का अनुरोध।	लागू नहीं
4.	सदस्य कार्यालयों द्वारा नोडल कार्यालय के साथ-साथ सदस्य सचिव, नराकास को भी छमाही रिपोर्ट की एक प्रति भेजा जाना।	संस्थान के संदर्भ में इस प्रक्रिया का अनुपालन पहले से ही किया जा रहा है।
5.	नोडल कार्यालयों द्वारा नराकास के सदस्य सचिव को भेजी जाने वाली समीक्षा रिपोर्ट नोडल कार्यालयों के प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरित होना।	लागू नहीं
6.	नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा कार्यालयी कामकाज में हिंदी की प्रगति हेतु जांच बिंदु तैयार किया जाना।	संस्थान में कार्यालयी कामकाज में हिंदी की प्रगति हेतु जांच बिंदु के रूप में सभी विभागों में गार्ड फाइल की उपलब्धता तथा अनुभाग/ विभाग अधिकारियों व उच्च स्तर के अधिकारियों को हिंदी की प्रगति का दायित्व दिया गया है।
7.	नराकास के सदस्यों कार्यालयों द्वारा छमाही रिपोर्ट समय से भेजा जाना।	संस्थान की ओर से छमाही रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में भेजी जाती रही है।
8.	नराकास बैठक में कार्यालय प्रमुख द्वारा अनिवार्यत: भाग लेना।	बैठक में कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए संस्थान की ओर से बैठकों में हिंदी अधिकारी सहित प्रशासनिक प्रमुख अर्थात कुलसचिव/ उप-कुलसचिव भाग लेते हैं।

(डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता)
कुलसचिव

डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता
कुलसचिव
भारतीय विदेश व्यापार संस्थान
मानित विश्वविद्यालय
नई दिल्ली-110016

अत: उक्त अनुपालनात्मक रिपोर्ट कृपया अपेक्षित कार्रवाई हेतु अग्रेषित है।